मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह–पत्रिका, वर्ष–11, अंक–5, जुलाई 2010

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाईन – 1800 1800 545**

## कामधेनु इस्पात लिमिटेड के पंजाब के डीलर्स की वार्षिक बैठक का आयोजन






पंजाब राज्य के डीलर्स की वार्षिक बैठक का आयोजन 12 जुलाई, 2010 को नैनीताल के हाइडवे जंगल रिसॉर्ट एवं रिवर व्यू रिसॉर्ट जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में किया गया। इसमें पंजाब में कंपनी के करीब 200 डीलर्स ने भाग लिया। मीटिंग के दौरान कंपनी द्वारा पंजाब में उन्नत तकनीक द्वारा विकसित 500–D व 415–D टी.एम.टी. का उत्पादन शुरु करने की घोषणा भी की गई।

इस बैठक में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जी.एम. श्री दिलीप मेहरा, जी.एम. श्री वी.के. गहलौत, ए.जी.एम. श्री विवेक माहेश्वरी व अमित सोनी तथा अस्सिटैन्ट मैनेजर–पंजाब श्री निपुण खुराना एवं श्री रजनीश गुप्ता शामिल हुए। उनके साथ पंजाब की सहयोगी ईकाईयों मैसर्स आर.के. इण्डस्ट्रीज के निदेशक श्री रमेश गोयल, मैसर्स वर्धमान आदर्श इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री अश्वनी गर्ग तथा मैसर्स ए.के. स्टील के निदेशक श्री विनय गुप्ता भी शामिल हुए। रुद्रपुर स्थित किच्छा क्षेत्र की श्री बाँके बिहारी इस्पात प्रा. लि. के निदेशक श्री दीपक गोयल व श्री हर्ष गोयल इस आयोजन के विशेष अतिथि के रुप में शामिल हुए।

श्री सुनील अग्रवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, "आप लोगों के सहयोग से कामधेनु इस्पात लिमिटेड का आज बाजार में अग्रणी स्थान है और कंपनी प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हम विकास के क्रम को इसी प्रकार जारी रखना चाहते हैं तथा बाजार में अपने शीर्ष स्थान को बरकरार रखने के लिए हमें आपके निरन्तर सहयोग की आवश्यकता है।"

कार्यक्रम के दौरान कई डीलर्स को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया। मोगा के मैसर्स गोयल आयर्न स्टोर को सुपर डीलर्स अवॉर्ड मिला वहीं मैसर्स जिंदल आयर्न स्टोर (निहालसिंह वाला), मैसर्स सस्ता आयर्न स्टोर (जालंधर) व मैसर्स बुलोवल सीमेंट कॉर्परेशन (बुलोवल) को अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन सेल्स दिया गया। मैसर्स बंसल सेल्स कंपनी (लुधियाना), मैसर्स अग्रवाल आयर्न स्टोर (मुकेरिया), मैसर्स कुशल आयर्न स्टोर (पट्टी), मैसर्स गुरु देव राम तलवंडी भाई, मैसर्स कौर सैन एण्ड सन्स (बाघापुराना), मैसर्स गोइंदी ट्रेडर्स (जालंधर), मैसर्स भटारा ट्रेडर्स (नकोदर), मैसर्स हिंदुस्तान स्टील एण्ड टिम्बर स्टोर (फगवाडा), तथा मैसर्स गुरु नानक सीमेंट एण्ड आयर्न स्टोर (देसिया–खाना) को अवॉर्ड फॉर कंसिसटैन्सी सेल्स मिला। बेस्ट सर्पोटिंग डीलर्स का अवॉर्ड मैसर्स कन्सारा स्टील (दीनानगर), मैसर्स अग्रवाल आयर्न स्टोर (मुकेरिया), मैसर्स नौहर चन्द अशोक कुमार (बुधलाडा), मैसर्स सिंगला आयर्न स्टोर (लुधियाना), मैसर्स बलदेव कृष्ण एण्ड सन्स (जलालाबाद), मैसर्स बंसल सेल्स कं. (लुधियाना), मैसर्स मनोहर लाल मदन लाल आयर्न मर्चेन्टस (अबोहर), मैसर्स राजेश एण्टरप्राइजेज़ (जन्दुआल), मैसर्स ग्रोवर ट्रेडिंग कं. (मल्लनवाला), मैसर्स मांसा स्टील (मांसा), मैसर्स भारत बिल्डिंग मैटिरियल (सामना), मैसर्स बुलोवल स्टील (बुलोवल), मैसर्स गुप्ता आयर्न स्टोर (भटिंडा) और मैसर्स अग्रवाल स्टील (मलौट) को संयुक्त रुप से दिया गया। इ

# भारतीय अंतरिक्ष मिशन की गगनचुंबी उड़ान

भारत की अंतरिक्ष विजय की आशाओं को नए आयाम पर पहुँचाते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने स्वदेश निर्मित ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पी.एस.एल.वी.) की सहायता से 5 उपग्रहों को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया। रॉकेट ने 12 जुलाई, 2010 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से प्रातः 9:22 पर निर्धारित कार्यक्रमानुसार उड़ान भर भारतीय अंतरिक्ष मिशन को गगनचुंबी सफलता दिलाई।



ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान द्वारा प्रक्षेपित उपग्रहों में एक दूर संवेदी उपग्रह (Remote Sensing Satellite) कार्टोसेट–2बी (Cartosat-2B) आन्ध्र प्रदेश व कर्नाटक के इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा निर्मित उपग्रह STUDSAT अल्जीरिया निर्मित Alsat तथा कनाडा व स्विटज़रलैण्ड द्वारा निर्मित दो नैनो उपग्रह शामिल थे।

कार्टोसेट–2बी भारत द्वारा प्रक्षेपित आधुनिकतम दूर संवेदी उपग्रह है। यह पूर्व में भारत द्वारा प्रक्षेपित अंतरिक्ष में कार्यरत दूर संवेदी उपग्रहों कार्टोसेट–2 व कार्टोसेट–2A के साथ कक्षा में शामिल होगा। वर्ष 1994 में अपने पहले प्रक्षेपण के बाद से भारतीय ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान अब तक 17 भारतीय व 22 विदेशी उपग्रहों को अंतरिक्ष कक्षा में स्थापित कर विश्व भर के सफलतम प्रक्षेपण यानों में शामिल हो चुका है।

# विश्व का सबसे सस्ता कम्प्यूटर भारतीय छात्रों के लिए



देश में कम्प्यूटर शिक्षा के प्रचार–प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री श्री कपिल सिब्बल ने 22 जुलाई, 2010 को राजधानी नई दिल्ली में विश्व के सबसे सस्ते कम्प्यूटर का अनावरण किया। मात्र ₹1500 की कीमत से तैयार इस कम्प्यूटर का निर्माण भारत सरकार द्वारा देश के सभी छात्रों को कम्प्यूटर मुहैया कराने के उद्देश्य से कराया गया है। केन्द्र सरकार इन कम्प्यूटरों पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी वहन कर इन्हें महज ₹750 में छात्रों को उपलब्ध कराएगी।

उम्मीद की जा रही हे कि वर्ष 2011 तक यह कम्प्यूटर आम भारतीय छात्रों के हाथों में होगा और तब स्कूली छात्रों के पीठ पर दिखने वाला भारी बस्ता मात्र आधा किलो के कम्प्यूटर में सिमट जाएगा। टच स्क्रीन वाले इस कम्प्यूटर में वे सब चीजें हैं जो एक छात्र के लिए जरुरी होती हैं।

कम्प्यूटर बनाने के लिए मंत्रालय द्वारा गठित आईआईटी संस्थानों के गणित विशेषज्ञों की टीम के साथ अन्य कई तकनीकी संस्थानों की आठ टीमों के लगभग दो सौ विशेषज्ञों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# कामधेनु पेंट्स ने किया डीलर्स के साथ चैल का रंगीन सफर



अपने डीलर्स को लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित करने के उद्देश्य से आधारभूत संरचना व निर्माण के क्षेत्र में देश की जानी–मानी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की पेंट शाखा कामधेनु पेंट्स द्वारा अपने दिल्ली, गाजियाबाद, देहरादून और हल्द्वानी क्षेत्र के डीलर्स को हिमाचल प्रदेश के चैल की खूबसूरत वादियों में एक मनोरंजनात्मक यात्रा पर ले जाया गया। कामधेनु पेंट्स द्वारा इस यात्रा का आयोजन केवल चौकीधानी स्कीम के लिए योग्य डीलर्स के लिए किया गया। कामधेनु पेंट्स के वरिष्ठ अधिकारीगण श्री राजकुमार श्रीवास्तव, सी.डब्ल्यु.एम., कमल शर्मा, सी.एफ.ए., श्री अनिल राज, डी.एस.एम. और श्री लवजीत सिंह, ए.एम.– ब्रांड प्रमोशन भी इस यात्रा में शामिल थे।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य चौकीधानी स्कीम में शानदार प्रदर्शन के




लिए कंपनी के डीलर्स को पुरस्कृत करने के साथ उन्हें सुकून भरे कुछ पल मुहैया कराकर रोजमर्रा की जिंदगी की थकान से मुक्ति दिलाने में मदद करना था। इसलिए यात्रा के दौरान कंपनी द्वारा घूमने–फिरने, मनोरंजन व खाने–पीने की बेहतरीन व्यवस्था की गई थी।

इस यात्रा के बारे में अधिक जानकारी देते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव कहा, "नए प्रयोग करने की अपनी क्षमता के कारण कामधेनु का एक ब्रांड के रुप में सदैव नाम रहा है। ***Colour Dreamz*** श्रृंखला के उत्पादों ने अपनी उत्तम गुणवत्ता से बाजार में अपनी खास पहचान स्थापित की है। कंपनी इस बात को भली–भांति समझती है कि जो सफलता आज हमने हासिल की है वह सामूहिक प्रयासों का नतीजा है। अपने डीलर्स के इस सहयोग एवं विश्वास के लिए हम उनके आभारी हैं। यह यात्रा उस आभार को जाहिर करने का ही एक तरीका है।"

इस प्रकार के कार्यक्रम कंपनी को अपने डीलर्स के करीब पहुँचाते हैं जिससे वे कंपनी के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करते हैं व कंपनी के विकास में अधिकाधिक योगदान करते हैं।

# राजस्थान में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के पहले स्ट्रक्चरल स्टील प्लांट का शुभारंभ

राजस्थान में अपने स्टील उत्पादों की श्रृंखला का विस्तार करते हुए आधारभूत संरचना और निर्माण के क्षेत्र में देश की जानी–मानी कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने अपने फ्रेंचाइज़ी सहयोगी मैसर्स ल्युपिन फोर्जिंस प्रा. लिमिटेड के साथ राज्य की राजधानी जयपुर के निकट स्थित बगरु में राज्य के अपने पहले स्ट्रक्चरल



स्टील प्लांट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशकगण श्री सौरभ अग्रवाल व श्री सचिन अग्रवाल और कामधेनु इस्पात लिमिटेड के राज्य प्रभारी श्री एच.एन. मोदी के साथ मैसर्स ल्युपिन फोर्जिंस प्रा. लिमिटेड के निदेशकगण श्री सुखमल जैन व श्री नितिन जैन वहाँ उपस्थित रहे।



इस प्लांट में कंपनी द्वारा राजस्थान में पहली बार स्ट्रक्चरल स्टील के उत्पाद एंगल व चैनल का उत्पादन किया जाएगा। इस प्लांट की उत्पादन क्षमता 4,000 मिट्रिक टन प्रतिमाह है। इस प्लांट से उत्पादित माल के द्वारा राजस्थान में स्ट्रक्चरल स्टील उत्पादों की आपूर्ति की जाएगी।

इस विषय पर जानकारी देते हुए श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, "राजस्थान हमारी योजनाओं में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस राज्य में अपनी उत्पाद श्रृंखला व उत्पादन क्षमता बढाने के लिए हम सदैव प्रयासरत रहते हैं और इस प्लांट का उद्घाटन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।"

इस गठबंधन से प्रसन्न श्री सुखमल जैन ने कहा, "कामधेनु इस्पात लिमिटेड को अपनी जिस गुणवत्ता के लिए जाना जाता है हम उसी प्रकार के उत्पाद अपने नए प्लांट में भी बनाएंगे। जिससे इस क्षेत्र के ग्राहकों को इस प्लांट के शुरु होने का काफी फायदा होगा।" इ

# "कामधेनु" नाम का अनुचित प्रयोग करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही

उत्पादों की उत्कृष्टता के कारण ग्राहक कामधेनु इस्पात लिमिटेड के हर उत्पाद पर आँख मूँद कर विश्वास करते हैं। कंपनी की इसी ख्याति को भुनाने के लिए कुछ उत्पादक एवं विक्रेता "कामधेनु" Trade Mark मार्क व Trade Name का अनुचित एवं गैरकानूनी प्रयोग अपने निम्न स्तर की गुणवत्ता का माल बेचने के लिए करते रहते हैं। इससे न केवल कंपनी की ख्याति पर दाग लगता है बल्कि ग्राहकों की भी हानि होती है। हालांकि कामधेनु इस्पात लिमिटेड इस मामले में बहुत सख्त है, फिर भी कुछ निर्माता हैं जो कंपनी के Brand Name "कामधेनु" से मिलता जुलता नाम रखकर इस नाम के दुरुपयोग से बाज नहीं आते हैं। कई दुकानदार भी थोड़े से मुनाफे के लालच में इस प्रकार की जालसाजी में शामिल हो जाते हैं।

इसी प्रकार के वाकये में 21 जुलाई, 2010 को अमृतसर के मैसर्स पंकज पेंट्स,




भिवाडी के मैसर्स शील्ड कोटिंग तथा दिल्ली के खान बिल्डिंग मैटिरियल स्टोर में छापा मारकर पुलिस ने दुकान में पाये गये "कामधेनु" Trade Mark के अनुचित प्रयोग वाले पेंट उत्पादों को जब्त कर लिया। कानूनी कार्यवाही की शुरुआत कामधेनु इस्पात लिमिटेड की शिकायत पर दिल्ली जिला न्यायालय के आदेश के अनुरुप हुई।

समस्त कानूनी कार्यवाही दिल्ली जिला न्यायालय द्वारा नियुक्त कमिश्नर स्तरीय विधि अधिकारियों श्री अनन्त गर्ग (अमृतसर), श्री अंकुर गर्ग (भिवाडी) व






श्री एस.एस. शर्मा (दिल्ली) के मार्गदर्शन में की गई।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड सभी दुकानदार भाईयों से भी आग्रह करती है कि इस प्रकार की जालसाज कंपनियों के बहकावे में आकर "कामधेनु" Trade Mark के नकली उत्पाद अपने यहाँ न रखें व इस प्रकार की कंपनी की सूचना कामधेनु इस्पात लिमिटेड को दें। इ

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2009-2011



# श्री सतीश अग्रवाल को मिला भामा शाह पुरस्कार



कामधेनु इस्पात लिमिटेड के सी.एम.डी. श्री सतीश अग्रवाल द्वारा व्यापारियों का सम्मान बढाने और स्ट्रक्चरल स्टील क्षेत्र में उनके प्रतिबद्ध समर्पण, अथक प्रयासों व असाधारण सेवा को सराहते हुए अखिल भारतीय व्यापारी संघ की नई दिल्ली शाखा ने 25 जून, 2010 को नई दिल्ली स्थित ए.पी. भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें भामा शाह पुरस्कार सें सम्मानित किया। इस पुरस्कार को देते हुए संस्था ने श्री सतीश अग्रवाल द्वारा कामधेनु इस्पात लिमिटेड की सामाजिक शाखा कामधेनु जीवनधारा के माध्यम से किये जा रहे सामाजिक उत्थान के प्रयासों की भी सराहना की। यह पुरस्कार श्री सतीश अग्रवाल की अनुपस्थिति में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशकगण श्री सुनील अग्रवाल व श्री सचिन अग्रवाल ने संस्था के अध्यक्ष श्री बी.सी. भरतिया व सचिव श्री प्रवीण खण्डेलवाल व श्री सतीश गर्ग के हाथों ग्रहण किया।

इस पुरस्कार को स्वीकार कर दोनों निदेशक काफी खुश थे। अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, " श्री सतीश अग्रवाल जैसे गुणवान व्यक्तित्व को अपने प्रणेता के रुप में पाकर हमें बहुत गर्व होता है। उनके निपुण मार्गदर्शन में कामधेनु ने सफलता के कई नए आयाम हासिल किये हैं। कामधेनु परिवार के सभी सदस्य उनके सपनों को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से प्रयासरत हैं।" इ

# बिहार में राजमिस्त्रियों की बैठक आयोजित

अपने निर्माण संबंधी उत्पादों की खूबियों से बिहार राज्य के राजमिस्त्रियों को अवगत कराने के उद्देश्य से कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने पिछले दिनों पटना के भूतनाथ रोड स्थित कृष्णा आयरन स्टोर व भागलपुर के सुल्तानगंज



के श्री ट्रेडिंग कंपनी के यहां मेसन मीट का आयोजन किया। इन मीटिंगों में कामधेनु इस्पात लिमिटेड की ओर से श्री सागर प्रताप सिंह, श्री विपिन सिंह व श्री मुकुंद सहाय उपस्थित रहे।



कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिकारियों ने वहां उपस्थित राजमिस्त्री भाईयों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें कंपनी के उत्पादों की वास्तविक विशेषताओं से अवगत कराया व कंपनी के साथ जुड़ने के फायदों के बारे में भी समझाया। मीटिंग में राजमिस्त्रियों के लिए एक स्कीम भी शुरु की गई।

पटना मेसन मीटिंग के आयोजन में कंपनी के पटना डीलर सुरेन्द्र जी व भागलपुर मेसन मीट में श्री अरुण मुरारका का विशेष सहयोग रहा। पटना में जहां 100 राजमिस्त्री उपस्थित रहे वहीं भागलपुर में लगभग 200 राजमिस्त्रियों की उपस्थिति रही। इ

# रुपये को मिला पहचान चिन्ह

अमेरिकी डालर, ब्रिटिश पाउण्ड, जापानी येन और यूरोपीय मुद्रा यूरो की भांति भारतीय मुद्रा रुपया भी विशेष पहचान चिन्ह वाली खास मुद्राओं के समूह में शामिल हो गया है। आईआईटी मुंबई में परास्नातक छात्र डी. उदय कुमार द्वारा डिजाइन किये गये इस चिन्ह को 14 जुलाई, 2010 को कैबिनेट समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।



देवनागरी लिपि के वर्ण 'रा' व रोमन लिपि के वर्ण 'R' के खूबसूरत मिलन से बना यह चिन्ह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है।

इस चिन्ह को 2 वर्ष के भीतर विश्व भर में पूरी तरह प्रयोग किया जाने लगेगा और यह कम्प्यूटर की–बोर्ड और सॉफ्टवेयर में भी आने लगेगा।

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री अनमोल अग्रवाल
मैसर्स अग्रवाल स्टील एण्ड ट्यूब
सर्वे नं.– 39/1, उर्लीदेवाचली
तालुका–हवेली, जिला–पुणे
9326077171

श्री शबीर भाई
मैसर्स सैफी एण्टरप्राइजेज़
मोहता रोड, गुप्ता ऑयल मिल के सामने
अकोला
9823208652

श्री ललित अग्रवाल
मैसर्स हरिराम स्टील
सुदर्शन पैट्रोल पम्प के सामने
गोकुल शिरगाँव
कोल्हापुर
9823046797

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No.-7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. +91 11 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011-22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com